राष्ट्रीय लोक अदालत में 470 से अधिक मामलों का आपसी समझाइश से निस्तारण

- सिविल, आपराधिक, पारिवारिक और मोटर दुर्घटना क्लेम के मामलों में मिली राहत
- राष्ट्रीय लोक अदालत में एक करोड़ रुपये से अधिक के अवार्ड पारित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करने और आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान एक करोड़ रुपये से अधिक के अवार्ड पारित किए गए तथा 470 से अधिक मामलों का आपसी बातचीत और समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से लंबे समय से विवादों में उलझे पक्षकारों को आपसी सहमति से मामलों का समाधान करने का अवसर मिला।

लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए दो बेंचों का गठन किया गया था। पहली बेंच की अध्यक्षता अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुमरथ लाल मीना ने की। इस बेंच में पूर्व बार अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा एडवोकेट सदस्य के रूप में शामिल रहे। दूसरी बेंच की अध्यक्षता ठााम न्यायाधिकारी पूजा मीना ने की। इस बेंच में बृजेश शुक्ला एडवोकेट और तहसीलदार सीमा बघेल सदस्य के रूप में मौजूद रहीं। दोनों बेंचों के समक्ष विभिन्न प्रकार के प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें पक्षकारों के बीच समझाइश कर विवादों का समाधान कराने के प्रयास किए गए।

लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, पारिवारिक तथा मोटर दुर्घटना क्लेम से संबंधित कुल 415 मामलों की सुनवाई की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैंकों और बिजली विभाग से जुड़े 55 प्री-लिटिगेशन मामलों को भी सुनवाई के लिए रखा गया। प्री-लिटिगेशन मामले वे विवाद होते हैं, जिनका नियमित न्यायालय में मुकदमा दर्ज होने से पहले ही आपसी सहमति के आधार पर समाधान किया जा सकता है।

इस प्रकार दोनों श्रेणियों के कुल 470 मामलों का आपसी बातचीत और समझौते के माध्यम से निस्तारण किया गया। लोक अदालत में एक करोड़ रुपये से अधिक के अवार्ड पारित होने से यह आयोजन पक्षकारों के लिए महत्वपूर्ण रहा। आपसी सहमति से विवादों का समाधान होने पर संबंधित पक्षों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सकती है। लोक अदालत के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक मुंशी लाल मीना तथा बिजली विभाग के सहायक अभियंता अरविंद कुमार गुप्ता सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। संबंधित मामलों में पक्षकारों के बीच सहमति बनाने और विवादों का समाधान कराने की प्रक्रिया अपनाई गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करने के साथ-साथ आमजन को कम समय में विवादों के समाधान का अवसर उपलब्ध कराना है। आपसी सहमति के आधार पर मामलों का निस्तारण होने से पक्षकारों के समय और संसाधनों की बचत होती है। हिंडौन में आयोजित लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों के निस्तारण से विभिन्न विवादों के समाधान की दिशा में प्रयास किए गए।

सार-समाचार

सड़क किनारे युवक का शव मिला

हिण्डौन सिटी, (निसं)। फुलवाड़ा पंचायत क्षेत्र में बंध का वाड़ा के पास शनिवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के पास ही बाइक भी मिली। सुबह राहगीरों की नजर सड़क किनारे पड़े युवक पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद ने बताया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे पुलिस को बंध का वाड़ा के पास सड़क किनारे एक युवक के मृत अवस्था में पड़े होने और उसके पास बाइक मिलने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद एएसआई शिवसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। मृतक की पहचान निसुरिया का पुरा निवासी नारायण जाटव (35) पुत्र देवीसिंह जाटव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में शोक छा गया। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा। मृतक के बड़े भाई प्रीतम जाटव ने बताया कि नारायण दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। वह करीब तीन दिन पहले ही दिल्ली से अपने गांव आया था। परिवार के लोगों को उम्मीद थी कि वह कुछ समय उनके साथ बिताएगा, लेकिन शनिवार सुबह उसकी मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। नारायण के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। बेटे प्रिंस की उम्र 13 वर्ष और बेटी इशू की उम्र आठ वर्ष है। पिता की असमय मौत से दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत के कारणों और घटनास्थल पर मिली बाइक से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। पुलिस की जांच के बाद ही घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

अग्र वाहन रैली निकाली

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल युवा संगठन मिर्जापुर एवं शीतला माता परिक्षेत्र के तत्वावधान में अग्र वाहन रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली में नगर परिषद सभापति कृष्ण कुमार गोयल सहित अग्रवाल समाज के 11 नवनिर्वाचित पार्षदो ने खुली जीप में सभी का अभिवादन किया। वहीं रैली के जरिए समाज के युवाओं, महिलाओं और पुरुषों की भागीदारी से सामाजिक एकता, जागरूकता और संगठन का संदेश दिया गया। रैली नई अनाज मंडी स्थित हनुमान मंदिर परिसर से रवाना हुई जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने के बाद रैली जयपुर रोड स्थित अग्रवाल कॉलेज पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गयाऱैली नई अनाज मंडी स्थित हनुमान मंदिर परिसर से शुरू होकर उदेई मोड़, फव्वारा चौक, पुरानी अनाज मंडी, कचहरी रोड, व्यापार मंडल, देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, चौपड़ बाजार, ट्रक यूनियन और ईदगाह मोड़ सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इसके बाद वाहन रैली जयपुर रोड स्थित अग्रवाल कॉलेज पहुंची। इन मार्गों से गुजरते हुए अग्रसेन महोत्सव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता एवं संयोजक गौरव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति कृष्ण कुमार गोयल और जीपीएस स्कूल के निदेशक चेतन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद विजय गोयल ने की। रैली में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए जीपीएस स्कूल की ओर से निशुल्क टी शर्ट वितरण की व्यवस्था की गई। वहीं, महिलाओं को पार्षद विजय गोयल की ओर से आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार, इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोडना और समाज की सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। अग्रवाल युवा संगठन मिर्जापुर एवं शीतला माता परिक्षेत्र की ओर से आयोजित यह वाहन रैली अग्रसेन महोत्सव के प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल है। इसके माध्यम से समाज के लोगों को एक मंच पर लाने, आपसी समन्वय बढाने और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

नशा मुक्ति की शपथ ली

करौली, (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के आव्हान पर शनिवार को करौली जिले के विद्यालयों में व्यापक स्तर पर 'नशामुक्त विद्यालय-नशामुक्त राजस्थान' अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महासंघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचा कर स्वस्थ व समर्थ व जागरूक युवा पीढी निर्माण के उद्देश्य से महासंघ द्वारा आज 10 अक्टूबर को राज्य के सभी विद्यालयों में नशा मुक्त विद्यालय बनाने के लिए सामूहिक संकल्प के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के करौली, सपोटरा, मासलपुर ,हिण्डौन, मंडरायल, नादौती, टोडाभीम, व श्रीमहावीरजी खण्डों के सैकडों विद्यालयों में हजारों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में सामूहिक संकल्प के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने विद्यालयों को नशामुक्त बनाने तथा समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ ली।जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल किसी एक व्यक्ति या संगठन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और समाज के प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है।

सार-समाचार

राम जन्मोत्सव के उल्लास और राक्षस संहार के दृश्यों ने बांधा समां

डीग/भरतपुर, (निसं)। जलमहलों की नगरी डीग के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के समक्ष आचार्य पंडित नारायण लाल अखाड़ा रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव में श्रीराम जन्म और ताड़का वध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव से लेकर ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए ताड़का और सुबाहु के संहार तक की लीलाओं ने श्रद्धालुओं को रामकथा के आध्यात्मिक प्रसंगों से जोड़ा। लीला में दर्शाया गया कि महाराज दशरथ पुत्र प्राप्ति की कामना लेकर गुरु वशिष्ठ के पास पहुंचे। गुरु की आज्ञा पर उन्होंने श्रृंगी ऋषि को आमंत्रित कर पुत्रेष्टि यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के दौरान हवन कुंड से अग्निदेव चरु (खीर) का प्रसाद लेकर प्रकट हुए। महाराज दशरथ ने यह प्रसाद अपनी तीनों रानियों को यथायोग्य वितरित किया। इसके फलस्वरूप भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म से अयोध्या में आनंद छा गया। चारों भाइयों ने आगे चलकर गुरु वशिष्ठ के आश्रम में विद्या अध्ययन किया। रामकथा का अगला प्रसंग उस समय सजीव हो उठा, जब महर्षि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को अपने साथ वन में ले गए। वहां ऋषियों के यज्ञ में विघ्न डालने वाले राक्षसों का सामना करते हुए भगवान श्रीराम ने बिना फल वाले बाण से मारीच को दूर समुद्र पार पहुंचा दिया। इसके बाद ताड़का और सुबाहु का वध कर ऋषियों के यज्ञ की रक्षा की। इन दृश्यों के मंचन ने धर्म की स्थापना और अधर्म पर विजय का संदेश दिया। रामलीला अधिष्ठाता पंडित सूर्यभान आचार्य ने बताया कि राम दरबार की आरती पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता और शिक्षक चंद्रभान शर्मा ने की। मंच पर मोहनलाल वंशी वाले, हरगोविंद शर्मा नाहरौली, बाबा शिव रामदास पान्हौरी और कृष्णा बाबा उड़िया की उपस्थिति रही।लीला में श्रीराम की भूमिका लक्ष्य तिवारी, महाराज दशरथ की कवि पं. मेघश्याम मेघ, लक्ष्मण की विवेक शर्मा, सीता की सागर पाराशर, भरत की लाडली शरण, शत्रुघ्न की वेदांश शर्मा, विश्वामित्र की नरेंद्र पाराशर, वशिष्ठ की विष्णु शर्मा और श्रृंगी ऋषि की भूमिका आचार्य पंडित सूर्यभान शास्त्री ने निभाई। ताड़का के पात्र को सुरेश सैनी ने सशक्त अभिनय से जीवंत किया।

पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

धौलपुर, (निसं)। जिला भाजपा कार्यालय पर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय धौलपुर पर पंचायत चुनाव को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई, बैठक जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भरतपुर सांभाग चुनाव प्रभारी अशोक परनामी एवं विशिष्ट अतिथि भरतपुर संभाग सह चुनाव प्रभारी हेमराज मीणा, धौलपुर जिला चुनाव प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, जिला प्रभारी सत्येंद्र गोयल, से प्रभारी गोविंद सिंह चौधरी, दो शिवचरण कुशवाहा, पूर्व विधायक सुखराम कोली, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल, विवेक सिंह बोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष बांकेलाल लोधा, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, पार्षद संजय शर्मा, मंच पर उपस्थित रहे, कार्यक्रम में बोलते हुए अशोक परनामी ने सबसे पहले धौलपुर में नगर परिषद एवं निकाय चुनावों में मिली सफलता के लिए धौलपुर की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि जिस तरह नगर परिषद चुनाव में भाजपा का प्रचंड फहराया है, उसी तरह अब आमजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भजनलाल शर्मा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर जिला परिषद एवं प्रधानों के रूप में चौथे इंजन की सरकार बनाएगी विकास का पहिया अब ठााीण इलाकों में चलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ठााीण विकास एवं किसान हित की योजनाओं से प्रभावित होकर लाभार्थी भाजपा को ही चुनेंगे, पहले प्रदेश में बिजली खरीदी जाती थी अब राजस्थान से बिजली का निर्यात किया जा रहा है, किसानों को भरपूर बिजली दिन में ही मिल रही है, खेतों की बाढ़ बंदी के लिए अनुदान योजना का किसानों को लाभ मिल रहा है, अब हर गांव में लखपति दीदीयो की संख्या बढ़ रही है, आगामी चुनावों में उम्मीदवारों का चयन मंडल अध्यक्ष, प्रभारी एवं संयोजकों के सर्वे के आधार पर जिताऊ प्रत्याशी का चयन किया जाएगा, प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला चुनाव प्रभारी पंकज मीणा ने कहा धौलपुर की जनता ने जिला परिषद एवं पंचायत में भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए मन बना लिया है हमको घर घर जाकर आमजन को मोदी सरकार एवं भजन लाल सरकार की योजनायो का लाभ उन तक पहुंचना है।

प्री-आरडी परेड शिविर 2026 का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में प्राचार्य डॉ. उर्मिला मीणा की अध्यक्षता एवं अकादमिक प्रभारी डॉ. निशा गोयल की उपस्थिति में भरतपुर संभाग के महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के लिए प्री-आरडी परेड शिविर 2026 के चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। चयन समिति में क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर की यूथ ऑफिसर करिश्मा टाक, भरतपुर के जिला समन्वयक राजेश सिंह तथा धौलपुर के समन्वयक शोहराब शर्मा शामिल रहे। मुख्य वक्ता करिश्मा टाक ने युवाओं को संबोधित करते हुए प्री-आरडी परेड शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस शिविर से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है तथा उनमें अनुशासन, शारीरिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने केंद्र सरकार की पहल 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027' की जानकारी देते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी योगेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य 'मैं नहीं, पहले आप' का महत्व बताते हुए स्वयंसेवकों को समाजसेवा, सहयोग और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। चयन प्रक्रिया चार चरणों में संपन्न हुई। इसमें दौड़, पीटी मार्च, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं साक्षात्कार शामिल रहे। सभी चरणों में प्रतिभागियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन, सांस्कृतिक प्रतिभा और व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया गया। समापन पर संकाय सदस्य डॉ. दीप्ति अठावाल ने 'मैं तुमको विश्वास दूं, तुम मुझको विश्वास दो' गीत के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का संदेश दिया। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर लाला शंकर गयावाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

धौलपुर, (निसं)। आरएसी खेल मैदान धौलपुर में 70वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छठवीं बटालियन आरएसी धौलपुर के कमांडेंट सीताराम प्रजापति (आईपीएस) रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समठा शिक्षा अभियान धौलपुर के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक जितेंद्र सिंह जादौन ने की। कार्यक्रम में उप जिला शिक्षा अधिकारी (खेलकूद), माध्यमिक शिक्षा बृजेंद्र सिंह तथा प्रारंभिक शिक्षा के खेलकूद प्रकोष्ठ प्रभारी चौव सिंह कुशवाहा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन सचिव पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सिटी कोतवाली धौलपुर के प्रधानाचार्य रमन परमार रहे। आयोजन सह सचिव वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय बघेल ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक हरिमोहन शर्मा रहे। वहीं संयोजक संजीव श्रीवास्तव सहित परमजीत सिंह, डब्बालिया राम, भगवती प्रसाद, सोनपाल जाटव, देवेंद्र शर्मा, राकेश परमार एवं मनोज शर्मा ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी अनिल मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि सीताराम प्रजापति ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में उपलब्धियां हासिल करने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं। इसलिए सभी खिलाड़ियों को पूरी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। खेलों के माध्यम से खिलाड़ी अपने भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं।

चोरी के मामले में फरार दो आरोपी पकड़े

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। रुदावल थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पवन उर्फ बब्बी और रामराज उर्फ पाना को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। रुदावल थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि गांव नगला तुला निवासी एक महिला ने 26 सितंबर 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 सितंबर की रात करीब एक बजे अज्ञात आरोपी उसके घर में घुस गए। आरोपियों पर मोबाइल, मंगलसूत्र, सोने की कंठी, दो सोने के कुंडल, दो जोड़ी सोने की बालियां, दो जोड़ी चांदी की पायल, ताबीज और 50 हजार रुपए चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया। एसपी राजेश कुमार मीना के निर्देश पर एएसपी रामगोपाल बसवाल और सीओ रोहित श्रीवास्तव के निकटतम पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नरेश चंद शर्मा ने एएसआई भरतलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

कांग्रेस नेताओं ने पंचायत राज चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से बायोडाटा लिए

करौली, (निसं)। जिले की पंचायत चुनाव प्रभारी शकुंतला रावत पूर्व कैबिनेट मंत्री के करौली आगमन पर कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया एवं जिले के सभी विधायक एवं पूर्व विधायकों से चर्चा करके आगे पंचायत चुनाव के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर प्रदेश कांग्रेस के द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत को करौली जिले का प्रभारी बनाया गया है। जिसके आज करौली आगमन पर जिले के कांग्रेस के पदाधिकारी नेता और कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर स्वागत सम्मान किया। इसी अवसर पर जिले की प्रभारी कांग्रेस की पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर सपोटरा विधायक प्रत्याशी पूर्व मंत्री रमेश मीणा, करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड, हिंडौन विधायक अनीता जाटव एवं प्रदेश कांग्रेसाकमेटी द्वारा पंचायत राज संस्थान के आम चुनाव 2026 के लिए पॉलिटिकल अफेयर कमेटी का गठन किया गया है। जिस कि आगामी बैठक शीघ्र होने की जानकारी दी। कार्यालय पर आए कार्यकताओं से बायोडाटा भी लिए गए बैठक में जिला अध्यक्ष घनश्याम महर पूर्व मंत्री रमेश मीना पूर्व विधायक लाखन सिंह मीना हिण्डौन बिधायक अनिता जाटव पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज से होने वाले पंचायत राज चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर कांग्रेसाकी जिला प्रभारी श्रीमती रावत ने कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में जिस प्रकार निकाय चुनाव में एक जुटता के साथ सक्रियता दिखाकर जिला मुख्यालय करौली नगर परिषद और मंडरायल में कांग्रेस का बोर्ड बनाया। इसी प्रकार अब कांग्रेस का पंचायत राज चुनाव में परचम फहराना है।

श्रीराम बारात निकली

भरतपुर, (निसं)। श्री रामलीला महोत्सव के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीराम की बारात भरतपुर शहर में पूर्ण भव्यता एवं गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। बारात कला मंदिर संस्थान जहां भगवान राम की चारों भाईयों सहित समाजसेवी धर्मेन्द्र शर्मा, संस्था अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, डॉ. डी.डी. गोयल, सी.एम. गुप्ता, प्रो0 डॉ. अशोक कुमार गुप्ता एवं प्रतिनिधि संस्थान कला मंदिर द्वारा व अन्य सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महाआरती की गई, से सांय 5.00 बजे प्रारम्भ होकर बिजली घर चौराहा, मथुरा गेट, चिंताहरण हनुमान मंदिर, मोरी चार बाग चौबुर्जा, गंगा मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली बाजार से बासन गेट होती हुई राम वाटिका मैरिज होम जहां पर चिंताहरण हनुमान सेवा समिति द्वारा सुसज्जित जनकपुरी पहुंची।

श्रीश्याम सखा मित्र मण्डल ने सभापति का स्वागत किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री श्याम सखा मित्र मंडल (रजि.), गंगापुर सिटी द्वारा शुक्रवार की रात को गुलाब वाटिका, गंगापुर सिटी में सभापतिकृष्ण कुमार गोयल, पार्षदगण, मीडियाजन का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथिगणों के द्वारा बाबा श्याम के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।

मंडल के प्रचार मंत्री तनवय श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद गंगापुर सिटी के सभापति कृष्ण कुमार गोयल, वर्तमान पार्षद गिरधारी ठेकेदार एवं मदन पचौरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों के साथ मंडल संरक्षक निरंजन कुमार, अध्यक्ष पवन बंसल एवं महामंत्री आशीष अग्रवाल ने मंच साझा किया। मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकारणी सदस्यों एवं उपस्थिति मंडल सदस्यों द्वारा सभापति को 251 फीट लंबा साफा पहनाकर एवं शाल उड़ाकर विशेष सम्मान किया गया साथ ही बाबा श्याम का एक स्मृति चिन्ह भेंट की गई। स्वागत समारोह में पधारे अतिथिगण गिरधारी ठेकेदार पार्षद एवं मदन पचौरी का एवं अतिथिगण रामकिशोर कटारिया, अनुज ठेकेदार, राजेंद्र उर्फ मुन्ना, सौरव बरडिया, विनोद गुप्ता, हनुमान नरौली, गिर्राज खेडापति सहित अन्य अतिथिगण का मंडल सदस्यों द्वारा माला साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत सम्मान किया। मंच संचालन अरुण गुप्ता द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत सभागार में उपस्थित लोगों को मंडल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ओर मंडल के किए गए कार्यों से अवगत करवाया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार गोयल ने उद्घोष में श्री श्याम सखा मित्र मंडल के सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बाबा श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।



सभापति का सम्मान करते श्याम सखा मित्र मण्डल सदस्य।

दो दिवसीय मेला संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। विजय पैलेस में अग्रवाल समाज समिति उदेई मोड़ ने 2 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाया। शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ मेले का समापन हुआ, जिसमें बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। महोत्सव प्रवक्ता पवन बंसल ने बताया, सभापति कृष्ण गोयल, पार्षद विजय गुप्ता, पूर्व सभापति शिवरतन अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम अग्रसेन महाराज और मां लक्ष्मी की पूजा से शुरू हुआ।

युवा अग्रवाल संगठन अध्यक्ष ललित गुप्ता के अनुसार, फैंसी ड्रेस, कुर्सी दौड़, शतरंज, कैरम बोर्ड जैसी प्रतियोगिताओं में 200 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। महिला मंडल अध्यक्ष रेखा गुप्ता ने महिला संगीत, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताएं कराईं। मेले में चाट, पिज्जा, मिठाइयों, आइसक्रीम सहित कई खाने के स्टॉल थे। मुफ्त दूध-जलेबी और मिक्की माउस खास आकर्षण रहे।वजीरपुर की अग्रवाल धर्मशाला में भी अग्र जयंती पर अग्र मेला 2026 लगा।

देवपितृकार्य अमावस्या पर भगवान जगदीश के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

हिण्डौन सिटी, (निसं)। देवपितृकार्य अमावस्या के पावन पर्व पर जगदीश धाम कैमरी में श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भगवान श्री जगदीश जी के दर्शनों के लिए करौली, सवाईमाधोपुर, दौसा, भरतपुर जिलों से हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचने लगे जिन्होंने भगवान के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की ।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना ने बताया कि मंदिर में सुबह मंगला आरती के बाद भगवान को पीले वस्त्र धारण करवाए गए और विशेष फूल बंगले से सजाया गया, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान जगदीश जी की विधि विधान स पूजा अर्चना की गई। कोषाध्यक्ष कैप्टेन शीशराम खटाना एवं सचिव रामविलास धमाड़ी ने बताया कि सुबह सवा पांच बजे मंगला आरती के समय भगवान जगदीश जी को अटका महाप्रसादी का महाभोग अर्पित किया गया। मान्यता है कि अटका प्रसाद पितरों को अर्पित करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है और परिवार पर पितृदोष समाप्त होता है।

महाभोग के बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर अटका महाप्रसादी वितरित की गई। हजारों भक्तों ने प्रसादी के रूप में चावल, बुरा,दाल सहित विभिन्न खाद्य सामठाी के प्रसाद ठाहण कर अपने पितरों की शांति के लिए प्रार्थना की। अटका महाप्रसादी अर्पित करने वाले श्रद्धालु कैप्टन शिवसिंह तिघरिया, कैप्टन उदयराम खटाना बाडा वाजिदपुर, महेश खटाना बाडा वाजिदपुर, हरकेश व्याख्याता कैमरी का श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट कैमरी और बारह गांव खटाना परिवार के पंच पटेलों द्वारा माला-साफा पहनाकर, भगवान की तस्वीर,दुपट्टा भेंट कर भव्य स्वागत-सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने कहा, "देवपितृकार्य अमावस्या पर जगदीश धाम में जो भी भक्त सच्चे मन से आता है, उसके पितर तृप्त होते हैं और भगवान जगदीश जी उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।" इस अवसर पर मंच संचालन सचिव रामविलास धमाड़ी ने किया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम खटाना, सचिव रामविलास धमाड़ी, ट्रस्ट सदस्य जयसिंह अध्यापक, रूपसिंह सैनी, अखिल भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष हंसराज अध्यापक, ट्रस्ट और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, मुरारी नेताजी, दयाराम ठेकेदार, कैप्टन शीशराम सेना मैडल, जीकेप जिलाध्यक्ष कैप्टन रतनसिंह, जीकेप ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानसिंह मास्टर, साहबसिंह मेहते का पुरा, भगवानसिंह, भंवर मेढे का पुरा, नरेश मास्टर, रामस्वरूप बिलई, शेरसिंह इब्राहिमपुर, गोविन्द बाढ़, पृथ्वीसिंह खेड़ला सहित बारह गांव के पंच पटेल सहित गणमान्य नागरिक सहित हजारो श्रद्धालु अमावस्या पर्व पर भगवान के दर्शन के लिए पधारे। मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि मंदिर परिसर में दिनभर जयकारों और भजन कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व समाज कैमरी, युवा कार्यकर्ता और महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा।

ज्ञापन सौंपा

वजीरपुर।नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 में सडक, सफाई, स्ट्रीट लाइट और कचरा प्रबंधन की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पार्षद प्रतिनिधि मोनीश खान ने सेवा सेतु अभियान के दौरान नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि वार्ड के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से लोगों को रात में परेशानी का सामना करना पडता है। वहीं कचरा पात्रों के अभाव में कचरा निस्तारण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

